दिन– शनिवार दिनांक– 05/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त की राशि जारी की। बिहार के छिहत्तर लाख अठारह हजार से अधिक किसानों के खाते में भेजे गए एक हजार पांच सौ बावन करोड़ रूपये।

02. कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में हुयी अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद राज्य सरकार ने भीमनगर कोसी बराज और वाल्मिकीनगर गंडक बराज की जांच करवाने का फैसला किया।

03. जदयू की राज्य कार्यकारिणी की आज पटना में हुयी बैठक। छह राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गये।

04. और, बालिकाओं को गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए कल से प्रदेश में शुरु होगा विशेष टीकाकरण अभियान।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त की राशि जारी की। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक कार्यक्रम में डीबीटी के द्वारा नौ करोड़ चालीस लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में दो– दो हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की। अठारहवीं किस्त के रूप में बीस हजार करोड़ रूपये की राशि किसानों के बैंक खाते में भेजी गयी। इस अवसर श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बिहार के छिहत्तर लाख अठारह हजार सात सौ चौरासी किसानों के बैंक खाते में एक हजार पांच सौ बावन करोड़ रूपये भेजे गए। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने यह जानकारी दी। इधर राज्य के किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुयी है। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के कई नए इलाके बाढ की चपेट में आ गये हैं। वहीं, लखनदेई नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से सीतामढ़ी जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंडों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। इधर, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हुयी बारिश के बाद कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी की आशंका है। नेपाल के कोसी बराह क्षेत्र से पानी छोड़े जाने के बाद भागलपुर में बाढ़ का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपने अभियंताओं और कर्मियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। इधर, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में बागमती नदी का कटाव जारी है। सुपौल, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व तथा भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज सहरसा जिले के बाढ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डॉ. जायसवाल ने महिषी प्रखंड के गंडौल चौक पर बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाए जा रहे सामुदायिक रसोई और बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू भी उपस्थित थे।

———————————————————————————

कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में पिछले दिनों हुयी अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद सरकार ने भीमनगर कोसी बराज और वाल्मिकीनगर गंडक बराज की जांच करवाने का फैसला किया है। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि जलस्तर में बढ़ोतरी से बराज को किसी प्रकार की क्षति तो नहीं हुयी है। साथ ही बराज के ओवर–फ्लो करने की भी जांच की जाएगी। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे की कार्य योजना बनाएगी।

———————————————————————————

जदयू की नवगठित राज्य कार्यकारिणी की आज पटना में बैठक हुयी। इस बैठक में छह राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गये। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ समन्वय बनाने के लिए संगत–पंगत कार्यक्रम शुरू करने का फैसला किया गया। इसके अलावा बिहार को बजट में विशेष सहायता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

———बाईट———

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत सभी सांसद और विधायक शामिल हुए।

————————————————————————————

बालिकाओं को गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की कल से शुरूआत होगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय कल पटना स्थित आईजीआईएमएस में आयोजित कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। गौरतलब है कि राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले दिनों प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण करवाने का फैसला किया था। इसके तहत नौ से चौदह आयु वर्ग की बच्चियों को टीके लगाए जायेंगे। राज्य में लगभग एक करोड़ बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य है।

————————————————————————————

भारत सरकार ने पाली, प्राकृत, मराठी, असमिया और बंगाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। इन भाषाओं का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से इनके सरंक्षण, अध्ययन और शोध को बढ़ावा मिलेगा। सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुल गुरु और पाली विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर बैद्यनाथ लाभ ने बिहार और उत्तर प्रदेश में एक समय जनभाषा रही पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता जताई है।

———बाईट———

संस्कृत और प्राकृत भाषा के विद्वान प्रोफेसर धर्मचंद जैन ने कहा कि एक समय प्राकृत भाषा में काफी साहित्य की रचना हुआ करती थी। सरकार के इस कदम से एक बार फिर प्राकृत भाषा समृद्ध होगी।

———बाईट———

रोहतास स्थित एस. पी. जैन कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष और भाषा विज्ञानी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे हमारी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्राध्यापक राहुल अमृत राज ने भी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खादी की बिक्री के नए रिकॉर्ड को एक उत्साहजनक उपलब्धि बताया।एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने देशवासियों के बीच स्वदेशी के प्रति तेजी से बढ़ते रुझान को रेखांकित किया।

रा————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी, दो हजार चौबीस के शुभंकर और लोगो का अनावरण किया। यह चैंपियनशिप ग्यारह से बीस नवंबर तक नालंदा जिले के राजगीर में नवनिर्मित खेल स्टेडियम में आयोजित की जायेगी।

————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के आज तीसरे दिन आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

——म्यूजिक——

मान्यता है कि माँ के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया

कि मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही लोग पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा वातावरण मां दुर्गा के मंत्रों और भजनों से गुंजायमान है।

––म्यूजिक––

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य कैलाशपति मिश्र की जयंती पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। पटना स्थित आईसीएआर परिसर में पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

————————————————————————

पूर्णिया जिले के अनगढ़ थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के पास ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————————

अररिया जिले की एक अदालत ने बाल तस्करी के दोषी मोहम्म जुबैर आलम और अलीम मस्तान को छह–छह साल कारावास और पांच–पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————

शिवहर नगर थाना क्षेत्र में संचालित एक अवैध नर्सिंग होम और दवा दुकान को स्वास्थ्य विभाग और औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने सील कर दिया है।

————————————————————————

पटना के दानापुर में अपराधियों ने एक मोबाईल दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने पैसे के लेन–देन को हत्या का कारण बताया है।

————————————————————————

पटना कॉलेज के सैदपुर हॉस्टल से अपराधियों ने एक छात्र को अगवा कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस मामले में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त की राशि जारी की। बिहार के छिहत्तर लाख अठारह हजार से अधिक किसानों के खाते में भेजे गए एक हजार पांच सौ बावन करोड़ रूपये।

02. कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में हुयी अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद राज्य सरकार ने भीमनगर कोसी बराज और वाल्मिकीनगर गंडक बराज की जांच करवाने का फैसला किया।

03. जदयू की राज्य कार्यकारिणी की आज पटना में हुयी बैठक। छह राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गये।

04. और, बालिकाओं को गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए कल से प्रदेश में शुरु होगा विशेष टीकाकरण अभियान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।